मुंशी प्रेमचन्द अंतर्महाविद्यालय कहानी लेखन प्रतियोगिता
दिनांक 31–01–2020
प्रेस विज्ञप्ति

कहानी साहित्य की एक ऐसी विद्या है जिसके माध्यम से मनोरंजन के साथ–साथ मानव जीवन की विभिन्न संवेदनाओं को व्यक्त किया जाता है। इसी उद्देश्य से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 31–01–2020 को "हिन्दी साहित्य परिषद" के अंतर्गत महाविद्यालय में मुंशी प्रेमचन्द कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता विगत वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 5 टीमों ने भाग लिया जो अलग–अलग महाविद्यालयों से हैं। इस प्रतियोगिता में सरस्वती महाविद्यालय, पलवल से मैडम सीमा रानी उपस्थित रहीं। सरस्वती महाविद्यालय पलवल, के.एल.मेहता दयानन्द महाविद्यालय फ़रीदाबाद, डी.ए.वी. महाविद्यालय फ़रीदाबाद तथा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ से कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने अंदर की प्रतिभा प्रकट करने के साथ–साथ समाज में उत्पन्न संवेदना पर भी अपने विचार प्रकट किए। निर्णायक मंड़ल में श्रीमती किरण आनन्द और डॉ. अशोक कुमार निराला की महत्वपूर्ण व विशेष भूमिका रही। इस कहानी लेखन प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे –

प्रथम – प्रगति पाँडे, बी.ए. द्वितीय वर्ष
द्वितीय – रेणु रानी, बी.ए. तृतीय वर्ष
तृतीय – रितिका, बी.ए. द्वितीय वर्ष
सांत्वना – आरती, बी.ए. प्रथम वर्ष